भारत सरकार

इस्पात मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 229

07 दिसंबर, 2022 को उत्तर के लिए

लौह अयस्क का निष्कर्षण

229. डॉ. थोल तिरूमावलवन:

क्या इस्पात मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार की तमिलनाडु के सेलम जिले से निष्कर्षित लौह अयस्क का सेलम इस्पात संयंत्र में प्रसंस्करण करने की कोई योजना है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार ने हाल ही में तमिनलाडु के सेलम और नामक्कल जिलों में लौह अयस्क की उपलब्धता के बारे में कोई सर्वेक्षण किया है और इसकी व्यवहार्यता का ब्यौरा क्या है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

इस्पात राज्य मंत्री **(श्री फग्गन सिंह कुलस्ते)**

(क)और (ख): सेलम इस्पात संयंत्र के पास लौह अयस्क का निष्कर्षण करने के लिए कोई खनन पट्टा नहीं है और इस संयंत्र ने ऐसे किसी पट्टे के लिए आवेदन नहीं किया है।

(ग) और (घ): हाल ही में, खनिज (खनिज अंतर्वस्तु का साक्ष्य) संशोधन नियम, 2021, के अधिसूचित होने के पश्चात, तमिनलाडु के नामक्कल और सेलम जिलों के संबंध में भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण (जीएसआई) द्वारा समग्र लाइसेंसों के रूप में नीलामी हेतु लौह अयस्क संबंधी भूविज्ञानी ज्ञापन तमिनलाडु सरकार को सौंपागया, जिसका ब्योरा निम्नवत है:-

क्र.सं.	राज्य	जिला	रिपोर्ट का शीर्षक	क्षेत्र सर्वेक्षण वर्ष	ब्लॉकों की संख्या	वस्तु
1	तमिलनाडु	नामक्कल	नामगिरिपेट्टई और तम्ममपट्टी, नामक्कल और सेलम जिले, तमिलनाडु (जी4) के बीच बैंडेड मैग्नेटाइट क्वार्टजाइट में लौह अयस्क के लिए अन्वेषण	2016-17	3	लौह अयस्क
2		नामक्कल और सेलम				
3		नामक्कल और सेलम				

****